जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः जीविवि/परीक्षा-2/गोप0/2018/116 दिनांक : 27.01.2018

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त अशासकीय सम्बद्ध महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय परिक्षेत्र, ग्वालियर (म0प्र0)

विषय :- स्नातक/स्नातकोत्तर असंस्थागत छात्रों के परीक्षा आवेदन पत्र भरने के लिए नामांकन/पंजीयन आवेदन पत्र निरस्त करने बावत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि विश्वविद्यालय द्वारा आपके महाविद्यालय को असंस्थागत छात्रों के परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करने हेतु अधिकृत नहीं किया गया है। इसके बावजूद आपके महाविद्यालय द्वारा असंस्थागत छात्रों के नामांकन/पंजीयन आवेदन पत्र एप्रूब्ड (Approved) किए गए हैं जो कि नियमानुसार नहीं है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि आपके महाविद्यालय के उक्त छात्रों के नामांकन/पंजीयन आवेदन पत्र निरस्त किए जाते हैं। ये छात्र आपके महाविद्यालय से परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकते हैं।

आपको यह भी सूचित किया जाता है कि आप ऐसे समस्त छात्रों को सूचित करें कि वह अपने परीक्षा आवेदन पत्र किसी भी निकटस्थ शासकीय महाविद्यालय/अनुदान प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय से अग्रेषित कराकर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

भ व दी य

27/1/18

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-

1. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर
2. कुलसचिव के निज सहायक- जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।

उप कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा)

बिपिन पत्र